Source: - राजस्थान पत्रिका

Date:- 19.09.2018

Page No:- 10

विमान के शौचालय में मिला 8 किलो सोना

चेन्नई. नई दिल्ली से मंगलवार को चेन्नई एयरपोर्ट पहुंचे एक विमान के शौचालय में छिपाकर रखे गए सोने के 32 बिस्कुट मिले। इन बिस्कुटों का वजन 7.95 किलोग्राम है और उनकी अनुमानित कीमत 2.8 करोड़ रुपए बताई गई है। विमान के स्टाफ से मिली सूचना पर डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआई) ने पहुंचकर फ्लाइट से यह सोना जब्त किया।

इस सोने का पता उस समय लगा जब विमान के क्रू मेम्बर विमान की चैकिंग और सफाई कर रहे थे। जब वे टॉयलेट के पास सफाई कर रहे थे उसी दौरान उसकी साइड में एक प्लास्टिक बैग दिखा जिसमें कुछ सामान रखा हुआ था। उन्होंने इसकी सूचना एयरपोर्ट अधिकारियों को दी जिन्होंने डीआरआई की टीम को सूचित किया। सूचना मिलते ही डीआरआई की टीम पहुंची और बैग को कब्जे में लेकर खोला तो उसमें सोने के बिस्कुट मिले। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि इस बैग में सोने के बिस्कुट हैं।

तस्करी की आशंका : डीआरआई की टीम अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है, कि ये सोने के बिस्कुट टायलेट में कैसे पहुंचे? इनका मालिक कौन है और किस उद्देश्य से लाए गए थे।

Scanned by CamScanner